Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 01/09/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** मार्च 2025 में, किस सांविधिक निकाय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 'पर्यावरण - 2025 (Environment – 2025)' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया?

**Ans**
✔ 1. राष्ट्रीय हरित अधिकरण
✘ 2. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण
✘ 3. केंद्रीय भूजल प्राधिकरण
✘ 4. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

**Q.2** किसी रासायनिक अभिक्रिया में, अभिक्रिया शुरू होने से पूर्व जो पदार्थ उपस्थित होते हैं उन्हें क्या कहा जाता है?

**Ans**
✘ 1. उत्पाद
✘ 2. मध्यवर्ती
✔ 3. अभिकारक
✘ 4. उत्प्रेरक

**Q.3** वित्तीय सेवाएं विभाग (DFS) ने 2025 में RRB के विलय के किस चरण में 'एक राज्य एक RRB' के सिद्धांतों पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) के विलय को अधिसूचित किया है?

**Ans**
✔ 1. चौथे
✘ 2. तीसरे
✘ 3. दूसरे
✘ 4. पांचवें

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ, सिंधु घाटी सभ्यता से प्राप्त "मातृदेवी" मूर्तिकला की प्राथमिक सामग्री है?

**Ans**
✘ 1. सेलखड़ी
✘ 2. कांस्य
✔ 3. टेराकोटा
✘ 4. चूना पत्थर

Adda247

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.5 शहरी परिवहन अवसंरचना सामान्यतः उन प्रणालियों को संदर्भित करती है जो किसी शहर के अंदर लोगों और वस्तुओं के स्थानांतरण को सुगम बनाती है। निम्नलिखित में से कौन-सा शहरी परिवहन अवसंरचना का हिस्सा नहीं है?

Ans
- ✗ 1. मेट्रो रेल नेटवर्क
- ✗ 2. फ्लाईओवर और एक्सप्रेसवे
- ✓ 3. जल सिंचाई पाइपलाइनें
- ✗ 4. सार्वजनिक बस प्रणाली

Q.6 शाहजहां के शासनकाल में 8000 में से कितने मनसबदार उच्चतर श्रेणी के मनसबदार थे, जिन्हें साम्राज्य के कुल अनुमानित राजस्व का 61.5% अपने और अपने सैनिकों के वेतन के रूप में मिलता था?

Ans
- ✗ 1. 245
- ✓ 2. 445
- ✗ 3. 545
- ✗ 4. 345

Q.7 वर्ष 2025 एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) स्पोर्ट्स पॉलिसी नेटवर्क गोलमेज सम्मेलन और फोरम कहाँ आयोजित किया गया?

Ans
- ✗ 1. चीन
- ✗ 2. दक्षिण कोरिया
- ✓ 3. जापान
- ✗ 4. ऑस्ट्रेलिया

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सा, सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (Central Processing Unit) के भीतर कंट्रोल यूनिट की भूमिका का सटीक वर्णन करता है?

Ans
- ✓ 1. यह कंप्यूटर के सभी घटकों की गतिविधियों को निर्देशित और समन्वित करता है।
- ✗ 2. यह यूजर को प्रोसेस्ड आउटपुट (Processed Output) डिस्प्ले करता है।
- ✗ 3. यह प्रोसेसिंग के दौरान अस्थायी रूप से डेटा और इंस्ट्रक्शन को स्टोर करता है।
- ✗ 4. यह सभी गणितीय और तार्किक गणनाएँ करता है।

Q.9 खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार के विभिन्न स्थानों पर किस तारीख से किस तारीख तक किया गया?

Ans
- ✗ 1. 8 से 20 मई 2025
- ✓ 2. 4 से 15 मई 2025
- ✗ 3. 1 से 10 मई 2025
- ✗ 4. 4 से 18 मई 2025

Q.10 पश्चिमी घाट और अरब सागर के बीच स्थित भारत के पश्चिमी तट के दक्षिणी भाग को ________ कहा जाता है।

Ans
- ✓ 1. मालाबार तट
- ✗ 2. कोंकण
- ✗ 3. काठियावाड़ प्रायद्वीप
- ✗ 4. कन्नड़ मैदान

Q.11 औपनिवेशिक काल के दौरान, विनिर्माण क्षेत्र का योगदान केवल ______ था।

Ans
- ✗ 1. 16%
- ✓ 2. 10%
- ✗ 3. 5%
- ✗ 4. 1%

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा स्टेप आपको विंडोज में डेस्कटॉप पर एक नया फ़ोल्डर बनाने की सुविधा देता है?

Ans
- ✔ 1. राइट-क्लिक करें → New → Folder
- ✗ 2. Ctrl + Alt + Del प्रेस करें
- ✗ 3. टास्क मैनेजर पर जाएँ
- ✗ 4. नोटपैड ओपन करें

**Q.13** स्वतंत्रता से पूर्व प्रचलित भूमि स्वामित्व की कौन-सी व्यवस्था किसानों के शोषण का कारण बनी?

Ans
- ✗ 1. रैयतवाड़ी व्यवस्था
- ✗ 2. महालवाड़ी व्यवस्था
- ✔ 3. जमींदारी व्यवस्था
- ✗ 4. सहकारी कृषि

**Q.14** 2024 की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से किसके पास भारत में महिला भारोत्तोलन (49 kg वर्ग) में राष्ट्रीय रिकॉर्ड है?

Ans
- ✔ 1. साइखोम मीराबाई चानू
- ✗ 2. संजीता चानू
- ✗ 3. पूनम यादव
- ✗ 4. कर्णम मल्लेश्वरी

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा, 1857 के विद्रोह का परिणाम नहीं था?

Ans
- ✗ 1. जमींदारों और भूस्वामियों के पक्ष में नीतियों को रद्द कर दिया गया।
- ✔ 2. मुसलमानों की जमीनें और संपत्तियाँ सामूहिक रूप से जब्त कर ली गईं।
- ✗ 3. भारत के गवर्नर-जनरल को 'वायसराय' की उपाधि दी गई।
- ✗ 4. सेना में भारतीय सैनिकों की संख्या कम कर दी गई।

**Q.16** भारत के सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'ऑपरेशन शील्ड' कब संचालित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. 3 जून 2025
- ✗ 2. 7 मई 2025
- ✔ 3. 31 मई 2025
- ✗ 4. 29 मई 2025

**Q.17** 1862 में घूर्णन दर्पण उपकरण का उपयोग करके प्रकाश की चाल का प्रथम सटीक मान किसने प्राप्त किया था?

Ans
- ✔ 1. जीन बर्नार्ड लियोन फूको (Jean Bernard Léon Foucault)
- ✗ 2. अल्बर्ट ए माइकलसन (Albert A Michelson)
- ✗ 3. चार्ल्स व्हीटस्टोन (Charles Wheatstone)
- ✗ 4. मैरी अल्फ्रेड एलेन कॉर्नू (Marie Alfred Alen Cornu)

**Q.18** स्वतंत्र भारत के प्रथम वित्त मंत्री कौन थे?

Ans
- ✔ 1. आर.के. शानमुगम चेट्टी
- ✗ 2. रफी अहमद किदवई
- ✗ 3. जॉन मथाई
- ✗ 4. जयरनदास दौलतराम

**Q.19** वनोन्मूलन से मरुस्थलीकरण किस प्रकार बढ़ता है?

Ans
- ✗ 1. इससे शुष्क क्षेत्रों में वर्षा में वृद्धि होती है।
- ✔ 2. इससे ऊपरी उपजाऊ मृदा परत हट जाती है जिससे कठोर, चट्टानी परतें प्रकट होती हैं।
- ✗ 3. इससे मृदा अपरदन कम होता है।
- ✗ 4. इससे मृदा में ह्यूमस बढ़ता है।

Adda247

Q.20 कॉस्मिक एक्स-किरणों (cosmic X-rays) के ध्रुवीकरण का अध्ययन करने के लिए जनवरी 2024 में लॉन्च किए गए इसरो के मिशन का नाम क्या था?

Ans
1. एस्ट्रोसैट (AstroSat)
2. एक्सपोसैट (XPoSat) ✓
3. रीसैट-1 (RISAT-1)
4. आदित्य-एल1 (Aditya-L1)

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, भारत में राज्य कार्यकारिणी की संरचना को सही ढंग से व्यक्त करता है?

Ans
1. राज्यपाल, उप मंत्री और राज्य सलाहकार परिषद
2. राज्यपाल, मुख्यमंत्री और राज्य विधानसभा सदस्य
3. राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद ✓
4. राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री

Q.22 निम्नलिखित में से किस स्थान पर एक दिन में इतनी वर्षा होती है जितनी जैसलमेर में 10 वर्षों में हुई वर्षा के बराबर है?

Ans
1. आसनसोल
2. लेह
3. सिलीगुड़ी
4. तुरा ✓

Q.23 ग्रामीण शिक्षा पर न्यून अवसंरचना (poor infrastructure) का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव कौन-सा है?

Ans
1. विद्यार्थी की अधिक अनुपस्थितता ✓
2. निम्न (खराब) मध्याह्न भोजन
3. योजनाओं के संबंध में कम जागरूकता
4. प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी

Q.24 2025 में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने वाले श्री ओंकार सिंह पाहवा भारत की किस साइकिल कंपनी से संबंधित हैं?

Ans
1. टाटा स्ट्राइडर (Tata Stryder)
2. हीरो साइकिल्स (Hero Cycles)
3. एटलस साइकिल्स (Atlas Cycles)
4. एवन साइकिल्स (Avon Cycles) ✓

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन, 12 से 15 फ़रवरी 2025 तक पूसा कैंपस, नई दिल्ली में आयोजित 14वें एशियाई मत्स्य पालन और जलीय कृषि फोरम (14AFAF) का सह-आयोजक था?

Ans
1. एशियाई मत्स्य पालन सोसायटी, भारतीय शाखा (AFSIB) ✓
2. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
4. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)

Q.26 जनवरी 2025 में निम्नलिखित में से किस अंतरिक्ष एजेंसी ने स्पैडेक्स (SpaDeX) सैटेलाइट को सफलतापूर्वक डॉक किया?

Ans
1. राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन
2. यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी
3. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ✓
4. चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन

Q.27 अप्रैल 2025 में किस देश ने 26 राफेल मरीन लड़ाकू जेट (Rafale Marine fighter jet) की आपूर्ति के लिए भारत के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?

Ans
1. यूनाइटेड स्टेट्स
2. फ्रांस ✔
3. यूनाइटेड किंगडम
4. रूस

Q.28 समुद्र विज्ञान के संदर्भ में, 'हैलोक्लाइन (halocline)' पद का क्या आशय है?

Ans
1. लवणता में तीव्र परिवर्तन वाली परत ✔
2. दाब में तीव्र परिवर्तन वाली परत
3. उच्चतम ऑक्सीजन सांद्रता वाला क्षेत्र
4. तापमान में तीव्र परिवर्तन वाली परत

Q.29 कौन-सा बौद्ध धर्मग्रंथ स्पष्ट रूप से यह बताता है कि "सभी धम्म अनात्म हैं (All dhammas are without self)", जो अनत्ता के सिद्धांत की पुष्टि करता है?

Ans
1. कल्प सूत्र (Kalpa Sutra)
2. भगवती सूत्र (Bhagavati Sutra)
3. धम्मपद (Dhammapada) ✔
4. उत्तराध्ययन (Uttaradhyayana)

Q.30 स्टीफन-बोल्ट्ज़मान स्थिरांक (σ) का सैद्धांतिक मान कितना है जो किसी कृष्णिका द्वारा प्रति इकाई क्षेत्र में उत्सर्जित शक्ति को उसके ऊष्मागतिकीय ताप के फलन के रूप में परिभाषित करता है?

Ans
1. $5.35 \times 10^{-10}$ $Wm^{-2}K^{-4}$
2. $5.17 \times 10^{-9}$ $Wm^{-2}K^{-4}$
3. $5.67 \times 10^{-8}$ $Wm^{-2}K^{-4}$ ✔
4. $5.91 \times 10^{-7}$ $Wm^{-2}K^{-4}$

Q.31 नागरिकता अधिनियम, 1955 की किस अनुसूची में, देशीयकरण (naturalisation) के लिए आवश्यक अर्हताओं को शामिल किया गया है?

Ans
1. तीसरी अनुसूची ✔
2. दसवीं अनुसूची
3. पहली अनुसूची
4. दूसरी अनुसूची

Q.32 यदि कोई RTI आवेदक लोक सूचना अधिकारी के निर्णय (या प्रतिक्रिया की कमी) से व्यथित है, तो RTI अधिनियम की धारा 19 के अंतर्गत कितने दिनों में पहली अपील दायर की जानी चाहिए?

Ans
1. 60 दिन
2. 90 दिन
3. 30 दिन ✔
4. 15 दिन

Q.33 2025 में, प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) का 18वां संस्करण कहां आयोजित किया गया?

Ans
1. मुंबई
2. भुवनेश्वर ✔
3. चेन्नई
4. नई दिल्ली

Adda247 | GET IT ON Google Play

**Q.34** राजकोषीय सुधारों के अंतर्गत भारत में कई अप्रत्यक्ष करों को परिवर्तित करने के लिए जुलाई 2017 में कौन-सा कर लागू किया गया था?

Ans
✔ 1. जी.एस.टी
✘ 2. उत्पाद शुल्क
✘ 3. आयकर
✘ 4. बिक्री कर

**Q.35** 2025 में लॉन्च की गई किस पहल का उद्देश्य भारत में टैम्पर-प्रूफ डिफेंस नेटवर्क के लिए क्वांटम-एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन (quantum-encrypted communication) विकसित करना है?

Ans
✘ 1. सिक्योरनेट इंडिया (SecureNet India)
✘ 2. राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा मिशन (National Cyber Security Mission)
✔ 3. राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (National Quantum Mission)
✘ 4. क्वांटम लीप प्रोग्राम (Quantum Leap Program)

**Q.36** फ्रांस का कौन-सा क्षेत्र, 2025 में खोजे गए विशाल श्वेत हाइड्रोजन भंडार का घर है, जो स्वच्छ ऊर्जा के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम है?

Ans
✘ 1. प्रोवेंस (Provence)
✘ 2. नॉरमैंडी (Normandy)
✘ 3. ब्रिटनी (Brittany)
✔ 4. मोसेले (Moselle)

**Q.37** भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के संबंध में सही कथन का चयन कीजिए।

Ans
✔ 1. इसकी स्थापना 1993 में संसद के एक अधिनियम द्वारा मानवाधिकार उल्लंघनों की जाँच और उन पर सुझाव देने के लिए की गई थी।
✘ 2. NHRC के पास मानवाधिकारों के हनन के लिए सरकारी अधिकारियों पर मुकदमा चलाने और उन्हें दंडित करने की प्रत्यक्ष शक्तियाँ हैं।
✘ 3. NHRC के अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री होते हैं।
✘ 4. यह एक संवैधानिक संशोधन द्वारा गठित एक संवैधानिक निकाय है, जिसकी शक्तियाँ सर्वोच्च न्यायालय के समान हैं।

**Q.38** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) भारत, जिसने मार्च 2025 के महीने में 7.5 लाख से अधिक नए सब्सक्राइबर शामिल किए गए, भारत सरकार के किस मंत्रालय के अंतर्गत आता है?

Ans
✔ 1. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
✘ 2. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
✘ 3. वित्त मंत्रालय
✘ 4. कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

**Q.39** भारत की संसदीय प्रणाली में सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत के अनुसार, किसी एक केंद्रीय मंत्री के विरुद्ध सफल अविश्वास प्रस्ताव के लिए कौन-सी कार्रवाई आवश्यक है?

Ans
✘ 1. लोकसभा तुरन्त भंग कर दी जाती है।
✘ 2. केवल लक्षित मंत्री को ही इस्तीफा दे देना चाहिए।
✘ 3. राष्ट्रपति केवल लक्षित मंत्री को ही बर्खास्त कर देता है।
✔ 4. सम्पूर्ण मंत्रिपरिषद को इस्तीफा दे देना चाहिए।

**Q.40** औपनिवेशिक शासन के दौरान जन-आंदोलन एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लिए गांधीवादी दर्शन में 'सत्याग्रह' शब्द का मुख्य अर्थ क्या है?

Ans
✘ 1. शांतिपूर्ण प्रतिरोध (Passive resistance)
✘ 2. सविनय अवज्ञा (Civil disobedience)
✘ 3. असहयोग (Non-cooperation)
✔ 4. सत्य-बल (Truth-force)

Section : **Mathematics**

Q.1 एक व्यापारी अपने माल पर ऐसी कीमत अंकित करता है कि 30% की छूट देने के बाद भी उसे 10% का लाभ प्राप्त हो। उस वस्तु का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए, जिसका क्रय मूल्य ₹1,540 है?

Ans
1. 2,240
2. 2,204
3. 2,440
4. 2,420 ✔

Q.2 ईशान को 11 घंटे में 843 km दूर कोलकाता पहुँचना है। 4 घंटे के लिए उसकी प्रारंभिक चाल 34 km/hr थी। अगले 180 km के लिए उसकी चाल 30 km/hr थी। 11 घंटे के निर्धारित समय में कोलकाता पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans
1. 528 km/hr
2. 527 km/hr ✔
3. 530 km/hr
4. 523 km/hr

Q.3 ठोस धातु से बने तीन घनों का आयतन क्रमशः 789 $cm^3$, 865 $cm^3$ और 1721 $cm^3$ है। तीनों घनों को पिघलाने के बाद, उनसे एक ठोस घन बनाया जाता है। नए घन के कोर की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 14 cm
2. 15 cm ✔
3. 12 cm
4. 25 cm

Q.4 प्रथम 147 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 146.5
2. 148
3. 147 ✔
4. 147.5

Q.5 दो संख्याओं का योगफल 44 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 459 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20, 24
2. 25, 19
3. 27, 17 ✔
4. 32, 12

Q.6 65 का 65%, 55 के $\frac{1}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
1. 28.25
2. 29.25
3. 25.25
4. 31.25 ✔

Q.7 निखिल, निधि और तेजस ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,200, ₹1,070 और ₹1,310 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,790 है, तो लाभ में तेजस का हिस्सा कितना है?

Ans
1. ₹657
2. ₹658
3. ₹655 ✔
4. ₹654

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.8 यदि एक पिता की आयु में उसके पुत्र की आयु का 4 गुना जोड़ा जाए, तो योग 100 वर्ष होता है। यदि पिता की आयु का 2.5 गुना उसके पुत्र की आयु में जोड़ा जाए, तो योग 97 वर्ष होता है। पिता की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 32
✘ 2. 36
✘ 3. 31
✘ 4. 30

Q.9 एक दुकानदार अपने ग्राहकों को अपनी दुकान में वस्तुओं की खरीद पर निम्नलिखित छूट योजना प्रदान करता है।
'20 खरीदें और 5 मुफ़्त पाएं'
दी गई छूट का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 30%
✘ 2. 32%
✔ 3. 20%
✘ 4. 25%

Q.10 रमन की आय ₹80,200 है। वह अपनी आय के 7.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 34% की वृद्धि होती है और खर्च में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ________________ होगी।

Ans
✘ 1. ₹2,404 की वृद्धि
✘ 2. ₹2,404 की कमी
✘ 3. ₹2,403 की वृद्धि
✔ 4. ₹2,406 की कमी

Q.11 एक सम बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए, जिसके प्रत्येक अंत: कोण की माप 162° है।

Ans
✘ 1. 22
✔ 2. 20
✘ 3. 18
✘ 4. 16

Q.12 दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 3645 है। यदि पहली संख्या, दूसरी संख्या की पाँच गुनी है, तो दोनों संख्याओं का योग कितना है?

Ans
✘ 1. 172
✘ 2. 164
✔ 3. 162
✘ 4. 173

Q.13 A किसी कार्य को 9 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 19 दिनों में कर सकता है। यदि वे 6 दिनों तक एक साथ इस पर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा?

Ans
✘ 1. $\frac{7}{57}$
✘ 2. $\frac{4}{57}$
✘ 3. $\frac{10}{57}$
✔ 4. $\frac{1}{57}$

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.14 एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर 17 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह धनराशि 81 गुना हो जाएगी?

Ans
1. 59 वर्ष ✗
2. 58 वर्ष ✗
3. 68 वर्ष ✓
4. 64 वर्ष ✗

Q.15 पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) कितना होगा, जिनका वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 74 kg और 38 kg है?

Ans
1. 50.4 ✗
2. 51.4 ✓
3. 53.4 ✗
4. 52.4 ✗

Q.16 $8^2 + \sqrt{3^2} - 2\sqrt{36} - 11$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 44 ✓
2. 51 ✗
3. 50 ✗
4. 38 ✗

Q.17 20 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 36 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 80% हानि ✗
2. $\frac{100}{16}\%$ लाभ ✗
3. 80% लाभ ✓
4. $\frac{100}{16}\%$ हानि ✗

Q.18 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।

$5(5x^2 - 5) - 5(5x^2 + 7x - 2) = 14$

Ans
1. $-\frac{38}{35}$ ✗
2. $-\frac{24}{35}$ ✗
3. $-\frac{29}{35}$ ✓
4. $-\frac{39}{35}$ ✗

Q.19 संख्या 2.8 और 0.217 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 868 ✗
2. 0.868 ✗
3. 8.68 ✗
4. 86.8 ✓

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 दिया गया है कि $81^{0.65} = x$, $81^{0.26} = y$ और $x^z = y^7$ है, तो z का मान ________ के सन्निकट है।

Ans
1. 2.8 ✔
2. 4.09 ✘
3. 1.32 ✘
4. 4.27 ✘

Q.21 यदि ₹400 की राशि 4.5 वर्षों के लिए 16% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 288 ✔
2. 268 ✘
3. 338 ✘
4. 388 ✘

Q.22 संख्या 481355 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
1. 6 ✘
2. 5 ✔
3. 15 ✘
4. 3 ✘

Q.23 324 और 16 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 75 ✘
2. 69 ✘
3. 72 ✔
4. 74 ✘

Q.24 $\frac{5}{3} + \left(\frac{1}{1+\frac{2}{7}}\right) - \frac{2}{3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{12}{7}$ ✘
2. $\frac{26}{17}$ ✘
3. $\frac{16}{9}$ ✔
4. $\frac{8}{13}$ ✘

Q.25 4 पुरुष किसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 8 महिलाएं इसे 15 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 3 महिलाएं और 2 पुरुष इस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
1. 19 दिन ✘
2. 14 दिन ✘
3. 11 दिन ✘
4. 15 दिन ✔

Q.26 एक व्यक्ति 48 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 3.8 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2.54 km ✘
2. 3.04 km ✔
3. 2.46 km ✘
4. 2.36 km ✘

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.27 मैंने ₹1,200 में दो शर्ट खरीदीं। मैंने पहली शर्ट 8% की हानि पर और दूसरी शर्ट 24% के लाभ पर बेची। यदि कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहली शर्ट का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 884
2. 900
3. 924
4. 920

Q.28 यदि $X = \frac{(1+\cos\theta)(2-2\cos\theta)}{(2+2\sin\theta)(1-\sin\theta)}$ है, तो $X + \frac{1}{X} + 2$ का मान ज्ञात करें।

Ans
1. $\cot^2\theta$
2. $\sec^2\theta\sin^2\theta$
3. $\mathrm{cosec}^2\theta\sec^2\theta$
4. $\cos^2\theta + \sec^2\theta$

Q.29 12 cm व्यास वाले गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $256\pi\ cm^3$
2. $905\pi\ cm^3$
3. $288\pi\ cm^3$
4. $576\pi\ cm^3$

Q.30 ₹35,600 की धनराशि को A, B और C के बीच इस प्रकार बांटा गया कि A का 8 गुना = B का 3 गुना = C का 6 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹7,294
2. ₹7,120
3. ₹7,194
4. ₹6,968

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 श्रेयस, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 5 km, पश्चिम की ओर
2. 5 km, पूर्व की ओर
3. 6 km, पूर्व की ओर
4. 6 km, पश्चिम की ओर

Q.2 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

PKE 17 RIH 10 TGK 1 ? XCQ -23

Ans
1. VEN -10
2. VEM -10
3. EFM -8
4. VFN -8

Q.3 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

TAW VCY XEA ZGC ?

Ans
1. BIE ✔
2. BIX ✘
3. BIQ ✘
4. BIP ✘

Q.4 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 625 247 156 289 362 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. 12 ✘
2. 10 ✔
3. 8 ✘
4. 7 ✘

Q.5 सात डिब्बे A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। G के ऊपर कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। G और B के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। F और D के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। D को B के ठीक ऊपर रखा गया है। F और E के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। A को C के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। B के ऊपर कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
1. 3 ✘
2. 1 ✘
3. 2 ✘
4. 4 ✔

Q.6 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ पैंट, स्वेटर हैं।
कुछ स्वेटर, कोट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पैंट, कोट हैं।
(II) कुछ स्वेटर, पैंट हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✘
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✘
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✔
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✘

Q.7 निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए दी गई संख्याओं में से कौन सी संख्या प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर आएगी?

235 246 268 301 345 ?

Ans
1. 401 ✘
2. 445 ✘
3. 410 ✘
4. 400 ✔

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.8 संख्या 4512689 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
1. एक भी नहीं
2. दो
3. तीन ✓
4. एक

Q.9 राज अपनी कक्षा में ऊपर से 44वें स्थान पर और नीचे से 15वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 58 ✓
2. 57
3. 56
4. 59

Q.10 सात बॉक्स U, V, W, X, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
V के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। F और V के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। F और U के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। U को V के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। E को U के ठीक नीचे रखा गया है। G को X के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। W को F के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। सबसे निचले स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
1. U
2. X ✓
3. W
4. F

Q.11 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से GWSK का संबंध CTOH से है। उसी तरीके से, YQKE का संबंध UNGB से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से QKCY का संबंध किससे है?

Ans
1. OHZV
2. MHYV ✓
3. NGXU
4. LGYW

Adda247

Q.12 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) % € 9 2 5 * $ € © @ % % 1 7 $ * @ 6 7 3 & * (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
1. 5
2. 4
3. 2
4. 3 ✓

Q.13 एक निश्चित कूट भाषा में,
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'E @ F ÷ G $ M + N' है, तो E का N से क्या संबंध है?

Ans
1. माता की माता ✓
2. माता के पिता
3. माता की बहन
4. माता का भाई

Q.14 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा इत्यादि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
61, 127
52, 109

Ans
✗ 1. 63, 112
✗ 2. 47, 325
✓ 3. 83, 171
✗ 4. 93, 196

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. LO-HJ
✓ 2. FI-BC
✗ 3. PS-LN
✗ 4. IL-EG

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

121 117.9 114.8 111.7 108.6 ?

Ans
✗ 1. 108.2
✗ 2. 107.6
✗ 3. 106
✓ 4. 105.5

Q.17 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DRAG' को '5824' और 'GRAM' को '4592' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' का कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 5
✗ 3. 4
✓ 4. 9

Q.18 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1 2 4 8 10 20 22 ?

Ans
✗ 1. 24
✗ 2. 26
✓ 3. 44
✗ 4. 42

Q.19 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

56 × 8 – 13 ÷ 3 + 11 = ?

Ans
✗ 1. 34
✓ 2. 35
✗ 3. 32
✗ 4. 33

Adda247

Q.20 यदि '–' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
19 + 40 − 8 × 2 ÷ 1 = ?

Ans
1. 97
2. 99
3. 96
4. 98

Q.21 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से NWLF का संबंध RZHC से है। उसी तरीके से VCDZ का संबंध ZFZW से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DIVT का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
1. HMSP
2. IMRP
3. HLRQ
4. GKSP

Q.22 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी ट्रैक्टर, बस हैं।
कोई बस ट्रक नहीं है।
निष्कर्ष:
I. कोई ट्रक, ट्रैक्टर नहीं है।
II. कुछ ट्रक, ट्रैक्टर हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.23 अनिल, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु F पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 4 km, पश्चिम की ओर
2. 3 km, पूर्व की ओर
3. 3 km, पश्चिम की ओर
4. 4 km, पूर्व की ओर

Q.24 H, I, J, K, U, V और W एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
V और H के बीच केवल I बैठा है। H, K के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। W, K के ठीक बाईं ओर बैठा है। J, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
U के बाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. J
2. W
3. V
4. H

Q.25 एक निश्चित कूट भाषा में, 'EARS' को '1357' और 'SOUP' को '2146' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 7
2. 1
3. 2
4. 6

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. UX-ZS
- ✓ 2. LO-QI
- ✗ 3. RU-WP
- ✗ 4. OR-TM

Q.27 यदि + का अर्थ –, – का अर्थ ×, × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7 – 4 + 15 ÷ 52 × 13 = ?

Ans
- ✗ 1. 28
- ✗ 2. 23
- ✗ 3. 12
- ✓ 4. 17

Q.28 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

HAIR - AHIR - RIAH
MEAN - EMAN - NAEM

Ans
- ✓ 1. DUST - UDST - TSUD
- ✗ 2. WANT - AWNT - TANW
- ✗ 3. LOCK - OLCK - OCKL
- ✗ 4. BOND - BNOD - DNOB

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. AD-CF
- ✗ 2. RU-TW
- ✓ 3. EH-GK
- ✗ 4. TW-VY

Q.30 L, M, N, O, Q, R, और S एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं। S, O के बाएं चौथे स्थान पर बैठा है। R, M के दाएं चौथे स्थान पर बैठा है। O के बाएं गिनने पर O और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, R या O का निकटतम पड़ोसी नहीं है। N, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Q के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ 1. O
- ✗ 2. S
- ✗ 3. L
- ✓ 4. N